आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 04.03.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि में एमएसएमई क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका पर चर्चा की, कहा– सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की में विकसित भारत–विकसित उत्तराखंड प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने देहरादून पुलिस लाइन में पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण किया, अधिकारियों को पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।
- और, प्रदेश के विभिन्न राजकीय उद्यानों और पौधशालाओं में आउटसोर्स के जरिए 415 माली के पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

प्रधानमंत्री वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दुष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। विकास, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशनों, विनियामक, निवेश और व्यवसाय करने की सुगमता में सुधार करने जैसे विषयों पर श्री मोदी एमएसएमई क्षेत्र पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले दस वर्षों में सुधार, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समेकित विकास के प्रति अपनी सतत वचनबद्धता का प्रदर्शन किया है। अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के महत्व को लेकर श्री मोदी ने कहा कि एमएसएमई देश के आर्थिक विकास में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों ने अर्थव्यवस्था पर कोविड के असर को कम किया है।

विकसित भारत प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रुड़की के नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय विकसित भारत–विकसित उत्तराखंड प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के जो संकल्प लिए गए हैं, भारत इस दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की यात्रा में उत्तराखंड भी अपना योगदान दे रहा है।

वन यूनिवर्सिटी–वन रिसर्च

पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने आज राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष 'वन यूनिवर्सिटी–वन रिसर्च' कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। विश्वविद्यालय द्वारा ''उत्तराखण्ड में महिला सशक्तीकरण द्वारा शहद उत्पादन की क्रांति'' विषय पर शोध किया जा रहा है। प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने शोध के उद्देश्य और प्रमुख निष्कर्षों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौन पालन के क्षेत्र में स्वरोजगार के माध्यम से समृद्धि प्राप्त करने की पर्याप्त संभावनाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि मौन पालन के द्वारा रोजगार सृजन, रिवर्स पलायन, अतिरिक्त आय आदि के क्षेत्र में भी लोग लाभान्वित होते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की प्राकृतिक वनस्पतियों, फलों व फूलों से प्राप्त होने वाले शहद की

गुणवत्ता अपने आप में अलग होती है और विश्वविद्यालय द्वारा किए गए शोध के परिणाम काफी सुखद संभावनाओं को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय को इस शोध कार्य की संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि इसके अंतिम निष्कर्षों को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जा सके।

मुख्यमंत्री/पुलिस भर्ती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून पुलिस लाइन में पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने भर्ती में शामिल युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने को कहा।

एसडीआरएफ अभिनंदन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि एसडीआरएफ टीम ने प्रयागराज महाकुंभ में अपनी दक्षता का कुशल परिचय देकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून में एसडीआरएफ के 112 कार्मिकों के वापस आने पर आयोजित महाकुंभ प्रयागराज–2025 अभिनन्दन कार्यक्रम में यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को पुरस्कार स्वरूप 5 लाख रुपए का चेक भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ से प्रदेश के जवानों का आत्मविश्वास बढ़ा है और उनके अनुभव वर्ष 2027 में हरिद्वार कुंभ में मददगार साबित होंगे।

माली भर्ती

राज्य के सभी जिलों में स्थित विभिन्न राजकीय उद्यानों और पौधशालाओं में 415 माली के पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। भर्ती होने वाले सभी कार्मिक आउटसोर्स से लिए जाएंगे। इस सबंध में देहरादून में आयोजित बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मालियों की नियुक्ति के बाद राज्य के उद्यानों और पौधशालाओं में उद्यानों के रख–रखाव और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इससे बागवानी, फल–फूल उत्पादन और वृक्षारोपण कार्यों में भी तेजी आएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि यह फैसला उत्तराखंड में बागवानी क्षेत्र को और मजबूत करेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।

उद्यान अधीक्षक पदभार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय उद्यान चौबटिया, रानीखेत में उद्यान अधीक्षक गरिमा तिवारी ने पदभार ग्रहण करने के बाद उद्यान का भ्रमण कर जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि उद्यान में सेब की 100 से अधिक प्रजातियां विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को प्राथमिकता के आधार पर उच्च गुणवत्ता वाला साइन वुड व रोपण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विभिन्न प्रजातियों के पौध उत्पादन और पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मोबाइल पासपोर्ट वैन

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देहरादून की ओर से प्रदेशभर में मोबाइल वैन पासपोर्ट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए कोई भी व्यक्ति अपना पासपोर्ट बनाने के साथ ही उसका नवीनीकरण करवा सकता है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विजय शंकर पांडे ने बताया कि एक दिन में 50 स्लॉट ही बुक करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ ले रहे हैं।

वेव्स रील्स प्रतियोगिता

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा वेव्स– 2025 रील मेकिंग चैलेंज प्रतियोगिता शुरू की गई है। इसमें रचनाकारों और उत्साही लोगों को 30 से 90 सेकेंड की रील

बनाकर अपनी कहानी कहने का अवसर मिलता है। इस चैलेंज को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह डिजिटल रचनाकारों को प्रयोग करने, नवाचार करने और लघु प्रारूप सामग्री की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह चुनौती क्रिएट इन इंडिया चैलेंजेज़ का हिस्सा है, जो वेव्स के तहत एक प्रमुख पहल है। रील मेकिंग चैलेंज के तहत प्रतिभागी 15 मार्च तक प्रविष्टि जमा कर सकते हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि में एमएसएमई क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका पर चर्चा की,  कहा– सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की में विकसित भारत–विकसित उत्तराखंड प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने देहरादून पुलिस लाइन में पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण किया, अधिकारियों को पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।
- प्रदेश के विभिन्न राजकीय उद्यानों और पौधशालाओं में आउटसोर्स के जरिए 415 माली के पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।